पर्व | धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया बैसाखी पर्व

# छबील चख तृप्त हुए कंठ, छाया रहा उत्साह



**नवभारत, जबलपुर ।** मदन महल स्थित दशमेश द्वार गुरुद्वारे में 14 अप्रैल को बैसाखी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां लोगों ने मत्था टेककर गुरु का आशीर्वाद लिया। पूरे परिसर में वाहे गुरु के जयकारों और गुरबाणी की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहा बैसाखी के पावन अवसर पर गुरुद्वारे में विशेष दीवान सजाए गए, जहां अखंड पाठ, कीर्तन और सत्संग का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालु पारंपरिक परिधान पहनकर बड़ी संख्या में शामिल हुए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर वर्ग के लोगों में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। वही ढोल की थाप पर युवाओं और महिलाओं ने भांगड़ा और गिद्धा कर खुशी का इजहार किया, जिससे पूरा माहौल उत्सव में बदल गया।

### किया गया लंगर का आयोजन

गुरु सेवा की परंपरा को निभाते हुए गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं के अनुसार विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इस लंगर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया, जो समानता और भाईचारे का संदेश देता है। इसके साथ ही गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए ठंडे शरबत की व्यवस्था भी की गई, जिसे सेवा भाव से वितरित किया गया। सेवा में लगे सेवादार पूरे समर्पण के साथ व्यवस्थाएं संभालते नजर आए। इस पर्व की खास बात यह रही कि इसकी तैयारियां दो दिन पहले से ही शुरू हो गई थीं।

### प्रेमनगर की छात्राओं ने भी शबद कीर्तन किए पेश

इस मौके पर पंज प्यारों ने 15 प्राणियों को खंडे बाटे का अमृतपान करवाकर गुरु दीक्षा दी स्त्री सत्संग प्रेमनगर, रागी जत्था महिंदर पाल सिंह एवं श्री गुरु नानक विद्यालय प्रेमनगर की छात्राओं ने भी शबद कीर्तन पेश किए। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सुरिंदर सिंह होरा ने किया। प्रधान साहब मंजीत सिंह ननडा ने आभार व्यक्त किया। देर रात आयोजन का सोल्लास समापन हुआ। आयोजन की सफलता में प्रधान साहिब मंजीत सिंह ननडा, चरणजीत सिंह कैला, सुरिंदर सिंह होरा, हरमीत सिंह धंजल, बलजीतसिंह मांगट, अवतर सिंह पलाहा, अजायब सिंह कैबो एवं विभिन्न सेवादारों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## गुरुवाणी से श्रद्धालुओं को किया रस विभोर



नगर के सिख समुदाय द्वारा सामूहिक तौर पर गुरुद्वारा प्रेमनगर मैदान में भव्य कीर्तन दरबार एवं गुरु का लंगर सहित अपूर्व उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। यहां दरबार साहिब अमृतसर स्वर्णमंदिर पंजाब के मशहूर रागी जत्था गगनदीप सिंह एवं साथियों ने ओजस्वी स्वरों में मनोहारी गुरुवाणी शबद कीर्तन का गायन कर श्रद्धालुओं को रस विभोर किया। पंजाब की लोक शैली के ढाड्डी जत्था लव प्रीत सिंह जोश, अकाल तख्त अमृतसर एवं साजिंदे साथियों ने ओजस्वी सुरों में वीर रस पेश कर जब युद्ध के जीवंत नजारे पेश किए तो उत्साह में जोरदार जयकारे गूंजने लगे, बोले सो निहाल सत श्री अकाल।

## इनका कहना है



मैं भले ही पंजाबी नहीं हूँ, लेकिन बैसाखी का इंतज़ार मुझे हर साल दिल से रहता है। इस पर्व में जो अपनापन, खुशी और सेवा का भाव होता है, वो कहीं और महसूस नहीं होता।

**वर्षा सवलानी**



ये त्योहार सिर्फ एक समुदाय का नहीं, बल्कि हर उस इंसान का है जो खुशियों को महसूस करना जानता है।

**रिया कौर**



ढोल की आवाज, भांगड़ा की ऊर्जा, लंगर की सेवा और लोगों के चेहरे की मुस्कान सब कुछ दिल को छू जाता है।

**हरप्रीत कौर**



शायद रिश्ते खून से नहीं, एहसासों से बनते है और बैसाखी वही एहसास है।

**फलक शर्मा**



# आस्था और श्रद्धा के साथ मनाई सेन महाराज की जयंती

**नवभारत, जबलपुर।** परमात्मन सेन समाज सेवा समिति एवं क्षत्रिय नंदवंशी सेन न्यायी समाज के तत्वावधान में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जयंती शांतम प्रज्ञा आश्रम में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संत सेन जी महाराज, श्री राम दरबार एवं हनुमान जी की प्रतिमाओं की स्थापना कर पंडित श्रीकांत तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने श्री राम स्तुति, हनुमान चालीसा, भजन, हवन एवं आरती कर पूजन किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार सेन, दिलीप श्रीवास, चगन लाल सेन, राकेश सेन, अनिल सेन, यश रंजन श्रीवास, भविष्य श्रीवास, विवेक सेन, विकास सेन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सेवा भावना से प्रेरणा लेने दिया संदेश

**नवभारत, जबलपुर।** सेन जयंती के अवसर पर संत सेन जी महाराज के जीवन दर्शन को याद करते हुए समाज को उनकी सेवा भावना से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अनिल उसरेटे ने बताया कि संत सेन जी महाराज ने जीवन भर समाज की सेवा की और सामाजिक एकता को राष्ट्र प्रगति का आधार बताया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में बड़े महावीर स्थित शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ षोडोपचार विधि से पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर सीताराम सेन, राजू सेन, केदार सेन, अनिल उसरेटे, उमाकांत सेन, उमेश सेन, महेन्द्र सेन एवं रामदास सेन सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।



# तीन दिवसीय श्री खाटू श्याम कथा का आयोजन 22 से

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में 22 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक तीन दिवसीय संगीतमय श्री खाटू श्याम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्री खाटू श्याम मंदिर, परसवारा (गौर नदी जमुनिया रोड) में संपन्न होगा, जहां प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक कथा का वाचन होगा। प्रख्यात कथावाचक पंडित अंकित शर्मा महाराज (खाटू धाम, राजस्थान) अपने ओजस्वी



प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। कथा में महाभारत प्रसंगों के साथ बर्बरीक की भक्ति, तपस्या और खाटू श्याम के प्राकट्य का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन में कैलाश पाठक एवं सविता पाठक का विशेष सहयोग है। आयोजकों ने अधिक से अधिक भक्तों से कथा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## एक नजर में



### एससी विंग के प्रदेश अध्यक्ष महेश चौधरी आप में शामिल

**नवभारत, जबलपुर।** आम आदमी पार्टी को जबलपुर में उस समय बड़ी राजनीतिक बढ़त मिली जब एनसीपी (अजीत) के एससी विंग के प्रदेश अध्यक्ष महेश चौधरी ने विधिवत पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया। सदस्यता दिलाने के दौरान प्रदेश संगठन मंत्री एडवोकेट रामकिशोर शिवहरे, प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी) जगदीश माली, जिला अध्यक्ष रितेश सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष धर्मदास आचार्य, चंद्रभान विश्वकर्मा, जिला प्रवक्ता टी.एन. त्रिपाठी, जिला सचिव आदेश दुबे सहित प्रवीण परसाई, आकाश बनसोडे, संजय पटेल, रत्नेश करसा, राकेश खताबिया, महेश शर्मा और अमरेश पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### नवप्रवेशित छात्रों ने ली सेवा, समर्पण और निष्ठा की शपथ

**नवभारत, जबलपुर।** महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के अंतर्गत महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं नंदवंदन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित छात्रों के लिए झंकार ऑडिटोरियम में गरिमामयी लैम्प लाइटिंग (दीप प्रज्वलन) एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेजर जनरल डॉ. पी.के. दास (सेवानिवृत्त), विशिष्ट अतिथि कर्नल रूपा भौमिक (सेवानिवृत्त), मनीषा लाल, वंदना जोसेफ एवं छाया द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर एड. सुश्री कृतिका वर्मा, ज्वाइंट डायरेक्टर विपिन पाण्डे, सीएओ प्रतीक जैन, प्राचार्य डॉ. ज्योति जूडा एवं रश्मि शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में नर्सिंग छात्रों ने हाथों में दीप लेकर सेवा, समर्पण एवं निष्ठा की शपथ ली। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है, जिसमें सेवा भाव मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। छात्रों ने नर्सिंग इतिहास एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित लघु नाटिका व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### सुर साधक संगीत ग्रुप ने दी आशा भोसले को श्रद्धांजलि



**नवभारत, जबलपुर।** सुर साधक संगीत ग्रुप द्वारा एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले के संगीत योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के कलाकारों ने विभिन्न गीतों की प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सुर साधक ग्रुप के तुलसी राय ने कहा कि आशा भोसले की सुरीली आवाज़ ने फिल्मी दुनिया और संगीत प्रेमियों के दिलों में हमेशा के लिए अपनी अमिट छाप छोड़ी है। इस मौके पर ग्रुप के सभी कलाकार उपस्थित रहे और पूरे आयोजन में संगीतमय वातावरण के बीच श्रद्धा और सम्मान का भाव देखने को मिला।

# बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को देते हैं दिशा

अंबेडकर जयंती पर नेताओं, सामाजिक संगठनों व नागरिकों ने माल्यार्पण कर याद किया, जगह-जगह हुए कार्यक्रम

**नवभारत, जबलपुर।** 'संविधान और सामाजिक न्याय के बिना राष्ट्र की प्रगति संभव नहीं' — ऐसे प्रेरक वक्तव्यों के साथ भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती पर जबलपुर शहर में श्रद्धा और सम्मान का माहौल देखने को मिला। विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रमों में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करते हैं। जयंती के अवसर पर पूरे शहर में सामाजिक समरसता और एकता का संदेश गूंजता रहा।





### भाजपा ने की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित

भाजपा की ओर से सांसद आशीष दुबे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर सहित अनेक पदाधिकारियों ने अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में समरसता भोज, फल और मिष्ठान वितरण भी किया गया।

### कांग्रेस ने किया नमन

कांग्रेस द्वारा तहसील चौक पर आयोजित कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पूर्व विधायक लखन घनघौरिया सहित महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को नमन किया। इसके बाद शहर के सभी 79 वार्डों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें शाम 4 बजे भव्य एवं विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुई अंबेडकर चौक पहुंचीं जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर 21 फीट लंबी भव्य पुष्पमाला अर्पित की गई,इसके उपरांत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

### रादुविवि में प्रतिमा पर माल्यार्पण

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय परिसर स्थित डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। द्वितीय चरण में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी कुलगुरु प्रो. राकेश बाजपेयी ने की तथा प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विधायक रोहाणी ने किया 25 सफाई कर्मियों का सम्मान

कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने त्रिमूर्ति चौक स्थित कार्यक्रम में आशीष राव, सौरभ गोयल, संजय जैन, श्याम कनौजिया सहित अनेक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में 25 से अधिक सफाई कर्मियों का सम्मान कर सामाजिक सरोकार का संदेश दिया।

### संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने किया माल्यार्पण

हाईकोर्ट चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, जितेंद्र यादव, घनश्याम यादव, शफीक खान सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### परिसंघ ने किया भव्य आयोजन

दलित, ओबीसी, मायनारिटी एवं आदिवासी संगठनों के परिसंघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय झारिया, जिला अध्यक्ष राजेंद्र कापसे, महासचिव मुक्तेश्वर राव के नेतृत्व में आयोजन हुआ।

### समाजवादी विचार मंच ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

समाजवादी विचार मंच द्वारा तहसील चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संयोजक रामरतन यादव सहित बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव आदि उपस्थित रहे।

### कायस्थ महासभा ट्रस्ट ने अर्पित की पुष्पांजलि

कायस्थ महासभा चित्रगुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया गया।

### आदिवासी महासंघ ने किया माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन

आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के तत्वावधान में अम्बेडकर चौक पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष शंकर लाल गोटिया, राष्ट्रीय संरक्षक शैलेश सिंह लोधी, महामंत्री अशोक गोटिया,सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### डॉ. अम्बेडकर एवं महात्मा फुले की संयुक्त जयंती मनाई

अम्बेडकर चौक हाईकोर्ट परिसर में विश्वरत्न बोधिसत्व डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती एवं महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 199वीं जयंती संयुक्त रूप से मनाई गई। इस अवसर पर भिक्खुनी निम्मलमेत्ता (नागपुर), मुख्य अतिथि प्रो. अपूर्वानंद (दिल्ली विश्वविद्यालय), विशिष्ट अतिथि आयुष्मान विजय सुखाड़े, यादवराव मेश्राम, जे.पी. नव्हेट बौद्ध, दीपक मेश्राम, धर्मशील चाटे, दीपक वानखेडे, सिद्धार्थ उरकुडे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

आयोजन | संस्कारधानी में 'मातृ संस्कार समागम' का भव्य आयोजन

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां




**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में विश्वमांगल्य सभा द्वारा 'मातृ संस्कार समागम' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. पूजा देशमुख, राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री ने 'युगानुकूल मातृत्व' विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी तथा स्वामी जगदीश्वरानंद परिव्राजक उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुश्री पूजा पाठक, जनप्रतिनिधि परिवार संपर्क विभाग प्रांत संयोजिका डॉ. स्वाती गोडबोले एवं जबलपुर नगर संयोजिका पुष्कल चौधरी भी कार्यक्रम में शामिल रहीं। डॉ. पूजा देशमुख ने अपने उद्बोधन में माता की भूमिका को परिवार एवं समाज की आधारशिला बताते हुए कहा कि जिस प्रकार माता भुवनेश्वरी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन को आकार दिया और जीजामाता ने छत्रपति शिवाजी को गढ़ा, उसी प्रकार आज की माताओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं को सामाजिक और कार्यक्षेत्र में सक्रिय होने का आह्वान भी किया। साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी एवं स्वामी जगदीश्वरानंद ने विश्वमांगल्य सभा के कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में 6 'भ'—भाषा, भूषा, भजन, भोजन, भवन एवं भ्रमण—पर आधारित प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली सप्तमातृकाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नटराज क्लासेस की नृत्य प्रस्तुति से हुई, इसके पश्चात मधुरा तांबे द्वारा शक्तिगान प्रस्तुत किया गया। प्रस्तावना डॉ. स्वाती गोडबोले ने रखी, संचालन प्राजक्ता विप्रदास ने किया तथा समापन केतकी पोहनकर ने किया।



# संत समाज को धर्म का प्रचारक बनना चाहिए

राष्ट्रीय हिंदू स्वाभिमान मंच के कार्यक्रम में हुई धर्म, राष्ट्रहित और समाज सेवा पर चर्चा

**नवभारत, जबलपुर।** मानस भवन में मंगलवार शाम राष्ट्रीय हिंदू स्वाभिमान मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के पोखरण से आए महंत प्रताप पुरी महाराज ने संत समाज की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संतों को धर्म का ठेकेदार नहीं, बल्कि उसका प्रचारक बनकर समाज में कार्य करना चाहिए। संतों के आचरण में सात्विकता और शुद्धता आवश्यक है, क्योंकि समाज उनके व्यवहार से प्रभावित होता है। उन्होंने आगे कहा कि संतों का राजनीति में प्रवेश पहले भी आवश्यक था और आज भी है, लेकिन यह केवल समाजोत्थान और राष्ट्रहित के लिए होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए। कार्यक्रम में आचार्य राघवेंद्र देवाचार्य ने सनातन धर्म में संतों के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने समाज को धर्म और राष्ट्र के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। मंच की संरक्षक माया जसवानी ने देश के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन से हुआ। अंत में संयोजक प्रवीण भारद्वाज ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य और श्रोता उपस्थित रहे।